C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 55 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 10 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बड़ा बयानः बिल्डिंग पर लिखी जाएगी 'मैन्युफैक्चरिंग डेट' और 'एक्सपायरी डेट', समय पूरा होते ही गिराया जाएगा भवन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि अब राज्य में बनने वाली हर नई शैक्षणिक इमारत पर निर्माण की तारीख और अधिकतम उपयोग अवधि स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी। निर्धारित समय सीमा पूरी होते ही उस भवन को ध्वस्त कर दिया जाएगा, ताकि किसी भी जर्जर इमारत से हादसों की स्थिति न बने।

दिलावर शनिवार को आदिवासी दिवस पर रंगबाड़ी स्थित कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए जा चुके हैं। ÷नई तकनीक से यह भी जांचा जाएगा कि मौजूदा भवन की कितनी उम्र शेष है। विशेषज्ञों की राय लेकर यह जानकारी



भी दर्ज की जाएगी, ताकि जर्जर भवन खुद-ब-खुद गिरने की नौबत न आए।

### ट्रांसफर और पेपर लीक पर कसा तंज

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए दिलावर ने कहा, आपने देखा होगा, एक बार उन्होंने शिक्षकों से पूछा था कि क्या शिक्षा विभाग में ट्रांसफर में पैसा चलता है? सभी ने एकमत होकर 'हां' कहा था। यह पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार से भरी हुई थी। उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा पर भी हमला करते हुए कहा, पेपर लीक कर लूट मचाई है। पूरा राजस्थान जानता है। वो मेरे मित्र हैं, लेकिन बेईमान हैं।

### जर्जर स्कूलों के लिए फंड जारी

दिलावर ने जानकारी दी कि झालावाड़ के पिपलोदी स्कूल के लिए डेढ़ करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए गए हैं और जल्द ही भवन निर्माण शुरू होगा। ÷प्रदेश में करीब दो हजार जर्जर स्कूल भवन हैं, जिनके मरम्मत और निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करवा दी गई है।

### विदेशी सामान पर रोक की अपील

देशभक्ति का संदेश देते हुए दिलावर ने कहा कि सभी नागरिक 'मेड इन इंडिया' उत्पाद ही खरीदें। ÷विदेशी सामान का उपयोग हमारे देश को कमजोर करता है और दुश्मन देशों को ताकत देता है। मेरे विभाग में भी विदेशी सामान का प्रयोग रोकने के आदेश दिए गए हैं। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो उससे व्यक्तिगत रूप से वसूली की जाएगी।

## पूर्व सीएम गहलोत के पीएसओ और बेटे को एसआई पेपर लीक मामले में गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पीएसओ राजकुमार यादव और उनके बेटे भरत यादव को एसओजी ने एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया है। शुक्रवार देर रात हुई इस कार्रवाई में दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेजा गया।

सूत्रों के अनुसार, 2021 की एसआई भर्ती परीक्षा में राजकुमार यादव ने अपने बेटे के लिए पेपर खरीदा था। भरत यादव लिखित परीक्षा में पास हो गया था, लेकिन शारीरिक दक्षता परीक्षा में पैर में फ्रैक्चर होने के कारण चयनित नहीं हो सका।

राजकुमार यादव कांग्रेस सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय (अब भाजपा में) के पीएसओ भी रह चुके हैं। इसी दौरान उनकी मित्रता मालवीय के निजी सचिव कुंदन कुमार पांड्या से हुई, जिन्होंने कथित तौर पर आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा से पेपर लेकर यादव को दिया। पांड्या को इस मामले में 5 जून को ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ 'लापता'? कपिल सिब्बल ने जताई चिंता, अमित शाह से बयान की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली**

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद से उनके बारे में कोई जानकारी न मिलने पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चिंता जताई है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले पर बयान देने की मांग करते हुए कहा कि अगर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई तो वे सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर करेंगे।

सिब्बल ने कहा, मुझे उनकी चिंता हो रही है। पहले 'लापता लेडीज' सुना था, लेकिन पहली बार 'लापता'



उपराष्ट्रपति सुन रहा हूं। लगता है विपक्ष को ही उनकी सुरक्षा करनी पड़ेगी।÷ उन्होंने बताया कि उन्होंने धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनके पीए ने कहा कि वे आराम कर रहे हैं। इसके बाद से फोन उठाना बंद हो गया। कई अन्य नेताओं ने भी यही शिकायत की है।

### क्या है हैबियस कॉर्पस?

हैबियस कॉर्पस एक संवैधानिक अधिकार है, जिसके तहत अगर कोई व्यक्ति लापता हो जाए या किसी को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया हो, तो कोर्ट आदेश देकर उसे पेश करने को कह सकती है। इसका मकसद व्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करना है।

## पलकी नदी किनारे खेत में मिली अज्ञात युवक की सड़ी-गली लाश, हत्या या दुर्घटना पुलिस जाँच में जुटी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**रमेश गुर्जर ।**

कस्बे में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब पलकी नदी के पास दूधिया कुएं के खेत में एक युवक का सड़ा-गला शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को खबर दी।

सूचना पर थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल पहुंचा और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, शव काफ़ी पुराना प्रतीत हो रहा है , जो 5-8 दिन पुराना हो सकता है । मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच आंकी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है की शव पर कपड़े नहीं थे और सिर पर चोट के निशान है । पुलिस युवक की शिनाख्ती के साथ फिलहाल मामला हत्या या दुर्घटना जांच में जुटी है ।

पुलिस ने बताया की शव की स्थिति इतनी खराब थी कि चेहरे की पहचान संभव नहीं हो पाई। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट खंगालनी शुरू कर दी है। घटनास्थल की तलाशी ली गई और शव को कस्बा अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

## नकाबपोश बदमाशों का आतंक, दो टोल प्लाजा पर तलवार-रॉड से हमला






**भीलवाड़ा फोकस @ जैसलमेर**

भारतमाला रोड पर बने लानेला और परेवर गांव के दो टोल प्लाजा पर नकाबपोश बदमाशों ने शुक्रवार देर रात जमकर उत्पात मचाया। तलवार और लोहे की रॉड से लैस तीन हमलावरों ने बैरिकेड तोड़े, टोल बूथ तोड़ा-फोड़ा और कर्मचारियों से मारपीट की। इस दौरान दो कर्मचारी घायल हुए है । पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

टोल कर्मियों ने बताया है की रात करीब 1 बजे एक बोलेरो कैंपर टोल पर आकर रुकी। उसमें से तीन नकाबपोश उतरे और हमला बोल दिया। बूथ के शीशे तोड़े, सामान फेंका और लाठी-तलवार से कर्मचारियों पर वार किया। अचानक हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही सीओ सिटी रूप सिंह इंदा और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में तीन आरोपी साफ दिख रहे हैं, जिनमें से दो की पहचान हो चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। तीसरे की तलाश की जा रही है। टोल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

दोनों टोल प्लाजा को शुरू हुए महज एक हफ्ता हुआ है, और इस तरह की घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस मामलेकी जाँच में जुटी है ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# अवैध मादक पदार्थ के मामलों में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा**

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत की गई।

थानाधिकारी हनुमान सिंह ने बताया की केन्द्रीय कारागृह जोधपुर से प्रोडक्शन वारंट के जरिए थाना रायला के एनडीपीएस के मामले में वांछित आरोपी छोटाराम उर्फ छोटु निवासी जोधपुर , हेमन्त निवासी नीमच, मध्यप्रदेश , सुनिल कुमार निवासी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है , अग्रिम कार्रवाई जारी है ।

# बिना नंबरी क्रेटा कार की टक्कर से तीन युवक घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**

पंडेर के बीहाड़ा चौराहा के पास शनिवार शाम एक बिना नंबरी ब्लैक क्रेटा कार अनियंत्रित होकर तीन युवकों को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए।

पुलिस ने बताया है कि शाम करीब 6 बजे पंडेर की ओर से आ रही क्रेटा कार के सामने अचानक मवेशी आ गए। इससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार बीहाड़ा चौराहा के पास खड़े तीन युवकों राजू पुत्र छोटू भील निवासी देवखेड़ा थाना केकड़ी, शैतान पुत्र कालू भील निवासी सावर, तथा धनराज पुत्र लालाराम भील निवासी सावर को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पलट गई।

घटना के बाद कार को क्रेन की मदद से पंडेर थाने लाया गया। घायलों को पंडेर राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# 400 किलो मिलावटी मिठाई व 40 किलो मावा जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल लैंडमार्क के पास से मिलावटी मावा, केसर बाटी और रसगुल्ला जब्त कर सीज कर दिए। कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई।

सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि जब्त मिठाइयों में 400 किलो दूषित मिठाई और 40 किलो मावा शामिल है, जो बीकानेर से लाया गया था। जांच में पाया गया कि सिंथेटिक मावा पाम तेल में दूषित यूरिया मिलाकर तैयार किया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। जब्त की गई समस्त सामग्री को डंपिंग यार्ड में नष्ट किया जाएगा।

# रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदली, बंद खदान में डूबने से मासूम की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा**

कबराड़िया गांव में रक्षाबंधन के दिन एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। बकरियां चराने गए एक मासूम की बंद खदान में डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, कबराड़िया निवासी किशन उर्फ कालू पिता हीरालाल बैरवा अपने दो साथियों के साथ पास ही बकरियां चराने गया था। इसी दौरान तीनों बच्चे पास स्थित बंद खदान में नहाने लगे। नहाते समय किशन गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

साथ गए दोनों बालक तुरंत गांव पहुंचे और ग्रामीणों व परिजनों को घटना की सूचना दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे को पानी से



बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के बच्चे का अंतिम संस्कार किया है ।

# प्रेम विवाह से आहत पिता ने बेटी को 'मृत' मानकर छपवाई शोक पत्रिका, गांव में 12 दिन की बैठक शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

कस्बे में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने अपनी जीवित बेटी को 'मृत' मानते हुए शोक पत्रिका छपवा दी और गांव में 12 दिन की बैठक का आयोजन शुरू कर दिया। यह फैसला पिता ने उस समय लिया, जब उनकी 26 वर्षीय पुत्री शादी के महज़ तीन महीने बाद घर छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई और लव मैरिज कर ली।

जानकारी के अनुसार, पिता ने बेटी की शादी इसी वर्ष बड़े धूमधाम से करवाई थी, जिसमें करीब 10 से 15 लाख रुपये खर्च हुए थे। शादी के



कुछ समय बाद ही युवती का गांव के एक युवक से प्रेम संबंध बन गया, जो परिवार का रिश्तेदार बताया जा रहा है। दोनों ने घर से भागकर विवाह कर लिया। परिवार का आरोप है कि युवती जाते समय सोने-चांदी के आभूषण और 70 हज़ार नकद भी साथ ले गई। इसमें कान के झुमके, मंगलसूत्र, रखड़ी, चांदी की पायजेब सहित अन्य गहने शामिल थे। इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। छोटे बेटो की पढ़ाई के लिए पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटी के इस कदम से आहत पिता ने समाज को संदेश देने के लिए शोक पत्रिका जारी की और गांव में 12 दिन की बैठक रखी है, जिसमें आस-पास के ग्रामीण भी शामिल हो रहे हैं।

# जीर्ण-क्षीर्ण धर्मशाला भवन को गिराने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट ने जूनावास स्थित 100 वर्ष पुराने धर्मशाला भवन को तत्काल गिराने की मांग जिला कलेक्टर से की है। ट्रस्ट का कहना है कि यह भवन, जिसमें पिछले 50 वर्षों से निजी विद्यालय संचालित है, बेहद जर्जर हालत में है और कभी भी ढह सकता है, जिससे जान-माल का खतरा है। मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि ट्रस्ट प्रतिनिधि रमेश राठी और एडवोकेट अशोक काबरा पहले भी किरायेदार व शिक्षा विभाग को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ट्रस्ट का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों की जान जोखिम में डाल रहा है।




# बस की टक्कर से टेंट का स्वागत द्वार गिरा, युवक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मिठाई लेने के लिए पांसल चौराहा स्थित दुकान पर जा रहा एक युवक शनिवार को स्वागत द्वार के गिरने से घायल हो गया ।

जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब गंगापुर की ओर से आ रही एक ट्रेवल्स बस ने इस्कॉन मंदिर की ओर से लगाए गए टेंट के स्वागत द्वार को टक्कर मार दी। जिसमे आजादनगर निवासी गौतम सेन घायल हो गया । घायल रक्षाबंधन के लिए मिठाई लेने के लिए जा रहा था ।

तेज टक्कर के बाद टेंट का गेट सीधे गौतम के ऊपर गिर पड़ा, जिससे उनके सिर, कान, नाक, गर्दन और कंधे पर चोटें आईं। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।






परिजनों ने उन्हें तुरंत एमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना की जानकारी मिलने पर गौतम के पिता राजेंद्र कुमार सेन ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बस चालक और टेंट मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे पर अव्यवस्थित तरीके से टेंट लगाने और बिना समुचित निगरानी के भारी वाहनों के प्रवेश से आए दिन खतरा बना रहता है।

# एनडीपीएस एक्ट में फरार 10 हजार के ईनामी वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल**

थाना पुलिस की टीम ने 10 हजार रुपये के ईनामी और एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पिछले 4 साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी चतर सिंह चारण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था।कार्रवाई थानाधिकारी विक्रम सेवावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।पुलिस ने बताया की 11 फरवरी 2021 को माण्डल चौराया हाईवे रोड



पर नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार से 304.235 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने प्रवीण ब्राह्मण, मुकेश सिंह चारण, रंगलाल रावत, विक्रम सिंह चारण और कालू मीणा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जबकि आरोपी चतर सिंह पिता नरसिंह चारण निवासी मेरियाखेड़ी ढाणी, जिला नीमच मध्यप्रदेश फरार हो गया था।फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम ने चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर और रतलाम में लगातार रैकी की और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को डिटेन किया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि नेटवर्क और अन्य संलिप्त आरोपियों का भी पता लगाया जा सके।



## QUICK BITES

### श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने 48 निःसहाय जनों को भोजन सामग्री किट किया वितरित


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने 'भूखा कोई न सोए' संकल्प के तहत रक्षाबंधन पर्व पर 48 निःसहाय जनों को अन्नपूर्णा भोजन निर्माण सामग्री किट वितरित की। किट में आटा, शक्कर, तेल, घी, तीन प्रकार की दालें, मसाले और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में महंत लक्ष्मण दास त्यागी, सचिव परमेश्वर दास, कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास और संतगणों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

### सांवलिया सेठ को धराई राखी की पोशाक, भजनों पर झूमे भक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नौगांवा स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। भगवान को विशेष राखी की पोशाक धारण कराई गई और गर्भगृह को रंग-बिरंगी राखियों से सजाया गया। पूर्णिमा पर हुए हवन में पंडित प्रेम शंकर व पंडित प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में कई भक्तों ने भाग लिया। सत्यनारायण एंड पार्टी रायला के भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर में जन्माष्टमी पर बालकृष्ण व राधा-कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता होगी, जिसमें 18 वर्ष तक के बच्चे तीन श्रेणियों में भाग लेंगे।

### 11 से 14 अगस्त तक भीलवाड़ा में 'हर घर तिरंगा' और तिरंगा यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा जिला संगठन 11 से 14 अगस्त तक जिले के 39 मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा आयोजित करेगा। शहर में 13 अगस्त को शाम 4 बजे राजेंद्र मार्ग स्कूल से भव्य तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस अभियान की तैयारियों को लेकर 10 अगस्त को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर तिरंगा यात्रा जिला कार्यशाला होगी, जिसमें पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी प्रसन्न मेहता मुख्य अतिथि और सांसद व प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल विशेष अतिथि रहेंगे। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और तिरंगा यात्रा संयोजक शामिल होंगे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# श्रावणी उपाक्रम पर तिलस्वां व मंदाकिनी महादेव में हेमाद्रि स्नान, वैदिक विधि से पूजा-अर्चना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



बिजोलिया - मंदाकिनी स्थित कुंड में हेमाद्रि स्नान



बिजोलिया : तिलस्वा कुंड में हेमाद्रि स्नान करते ट्रस्ट पदाधिकारी, श्रद्धालु एवं पंडित

सावन मास की पूर्णिमा पर तीर्थ नगरी श्री तिलस्वां महादेव और कस्बे के मंदाकिनी महादेव मंदिर में श्रावणी उपाक्रम व हेमाद्रि स्नान श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र कुंड में स्नान कर शारीरिक, मानसिक और आत्मशुद्धि का संकल्प लिया।

तिलस्वां महादेव में गौमूत्र, गोबर, पीली मिट्टी (मृत्तिका), दूध, दही, शक्कर, फल, स्वर्ण, कुशा और भस्म से दशविधि हेमाद्रि स्नान किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर और सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि आचार्य छीतरलाल गोड़ के सान्निध्य में प्रायश्चित संकल्प, सूर्याराधन, तर्पण, सूर्योपस्थान, अग्निहोत्र और ऋषि पूजन सम्पन्न हुआ।

इसी प्रकार, मंदाकिनी महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान से स्नान व पूजन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु शामिल हुए।

# सरकारी अस्पताल में बदमाशों का उत्पात, मरीज के साथ डॉक्टर व स्टाफ को लाठी सरियों से पीटा

भीलवाड़ा फोकस @ झुंझुनूं











खेतड़ी में उप जिला अस्पताल में 15-20 युवकों ने जमकर हंगामा मचाया, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लाठी-सरियों से लैस हमलावर शुक्रवार देर रात अचानक इमरजेंसी वार्ड में घुस आए और एक मरीज पर बेरहमी से हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नगरपालिका क्षेत्र निवासी गजेंद्र को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल लाया गया था और रेफर की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान यह समूह सीधे मरीज के पास पहुंचा और उसकी बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी।

ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. सुनील झाझड़िया और अन्य कर्मियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बनाते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान इमरजेंसी कक्ष में तोड़फोड़ कर लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया गया।

सूचना मिलते ही खेतड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थानाधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।


वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जाते-जाते अस्पताल स्टाफ को दोबारा हमला करने की धमकी भी दे गए। इस घटना से स्वास्थ्यकर्मियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा डालती हैं बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। उन्होंने प्रशासन से हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और अस्पताल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

# बारिश में करंट खतरा, एक हजार से ज्यादा पोल्स पर नंगे तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर और जिले में बिजली के खंभों पर लटकती पेड़ों की टहनियां और खुले नंगे तार बारिश के मौसम में जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गोटु सिंह मंगलपुरा की ओर से पब्लिक पॉवर एंड अवेयरनेस सोसायटी ने कलेक्टर, अजमेर डिस्कॉम और सिक्योर कंपनी के खिलाफ स्थायी लोक अदालत में जनहित याचिका दायर की।

याचिका में बताया गया कि भीलवाड़ा और आसपास के इलाकों में एक हजार से ज्यादा पोल्स पर खुले तार और उन पर लिपटी लताएं हैं, जिनसे अब तक कई लोगों और मवेशियों की मौत हो चुकी है। बिजौलिया क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत तब हुई, जब उसने पोल से सटी पेड़ की टहनी को छू लिया। अधिवक्ता लक्ष्मी कुमारी, मुकेश शर्मा और परीक्षित शर्मा के अनुसार सरकार द्वारा रखरखाव के लिए सिक्योर कंपनी को राशि दी जाती है, फिर भी सुरक्षा के मामले में लापरवाही बरती गई। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। रिको चतुर्थ फेस इलाके में 181 पोर्टल पर शिकायत के बाद सिक्योर कंपनी की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उन्होंने यह कहकर काम टाल दिया कि पोल प्राइवेट है और इसे फैक्ट्री मालिक ही ठीक कराएगा। अदालत ने तीनों पक्षों को नोटिस जारी कर 1 सितंबर तक जवाब पेश करने को कहा है।



कार्यालय-स्थाई लोक अदालत, भीलवाड़ा (राज.)
नोटिस

# श्री श्रेयांशनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं रक्षाबंधन पर्व उत्साहपूर्वक मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री श्रेयांशनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं रक्षाबंधन पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह श्रीजी पर अभिषेक किया गया। शांतिनाथ भगवान पर चांदमल जैन, महेंद्र बडजात्या और अशोक पाटोदी ने शांतिधारा की, वहीं कई श्रावकों ने भी शांतिधारा में भाग लिया। पूनम चंद सेठी ने निर्वाण कांड का पाठ वाचन किया और श्री श्रेयांशनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर सामूहिक रूप से निर्वाण लड्डू चढ़ाए गए। बधाई गीत के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। मुनि विष्णु कुमार सहित 700 मुनियों की पूजा-अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्ग समर्पित किए। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि इस अवसर पर एक-दूसरे को राखी बांधकर देश, धर्म, संस्कृति और साधु-संतों की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे।

## राखी की खुशबू में महका भीलवाड़ा

# भगवान झूलेलाल के दरबार से लेकर जेल के कैदियों तक – गांव, शहर और चौकियों में रक्षाबंधन का उल्लास'


भीलवाड़ा : झूलेलाल मंदिर में मनाया राखी का पर्व


भीलवाड़ा : जिला कलेक्टर जसमीत सिंह को बांधा रक्षा सूत्र



मांडलगढ़: लाडपुरा चौकी में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुलिस के साथ मनाई राखी


बिजोलिया : थानाधिकारी लोकपाल सिंह को रक्षा सूत्र बांधती बालिका


शक्करगढ़: सब्ज़ी विक्रेता को राखी बाँधती बहन


गुरला : राखी के त्यौहार पर भाई और बहनो के बीच दिखा उत्साह का माहौल


गुरला : रक्षा सूत्र बाँधने के बाद भाई - बहन


आकोला: कस्बे में पारंपरिक तौर पर मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा से सावर, बिजौलियां से गुरलां तक, राजस्थान के शहरों और गांवों में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व उल्लास, उमंग और परंपरा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रेशमी डोर बांधकर प्रेम और सुरक्षा का संकल्प मजबूत किया, तो मंदिरों में आस्था की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कहीं मातृशक्ति ने पुलिसकर्मियों और चिकित्सा कर्मियों को राखी बांधकर सम्मान जताया, तो कहीं जेल के कैदियों तक में त्योहार की मिठास पहुंची। बाजारों, गलियों और चौक-चौराहों में दिनभर रौनक बनी रही।

**भगवान झूलेलाल को बांधी राखी । पेसवानी –**

भीलवाड़ा के नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल कॉलोनी के सनातन मंदिर में दादा हेमराज मल सेवा समिति द्वारा भगवान झूलेलाल की प्रतिमा का पूजन, तिलक, श्रृंगार और रक्षा सूत्र बांधने का आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन और पल्लव अरदास के बीच समाजजन ने भाई-बहन के प्रेम के साथ भगवान-भक्त के अटूट बंधन का संदेश दिया। वही इधर लायंस क्लब भीलवाड़ा शक्ति और जॉइंट्स क्लब वेदांत ने जिला कारागृह में 300 कैदियों को रक्षा सूत्र बांधकर नेक कार्य करने की शपथ दिलाई।

**पुलिसकर्मियों को राखी । केसरीमल**

मांडलगढ़ में भाजपा महिला मंडल कार्यकर्ताओं ने लाडपुरा चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके समर्पण का सम्मान किया। विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

**मातृशक्ति की मिसाल । मानव तिवाड़ी**

बिजोलिया में विहिप और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिस थाने में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, स्वच्छता कर्मियों और भर्ती मरीजों को राखी बांधकर अनूठा उदाहरण पेश किया। थाना प्रभारी लोकपाल सिंह ने इस पहल की सराहना की।

**गांव-गांव में रौनक । सांवरिया**

शक्करगढ़ कस्बे और आसपास के गांवों में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर सुख-समृद्धि की कामना की। बाजारों में मिठाई, नारियल और राखियों की खरीद से दिनभर चहल-पहल रही।

**भाई-बहन का दिखा प्रेम । सत्यनारायण सेन / बद्री माली**

गुरलां और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने राखी बांधकर भाइयों की लंबी उम्र की दुआ की। भाइयों ने उपहार देकर रक्षा का संकल्प लिया। मिठाई और ड्राई फ्रूट की दुकानों पर भारी भीड़ रही।

**मिठास और रोडवेज में भीड़ । दिलखुश मीणा**

सावर में बहनों ने भाइयों को राखी बांधी। रोडवेज की महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना से बस अड्डों पर भारी भीड़ रही। प्रशासन ने अतिरिक्त बसें चलाईं, जिससे बहनों का सफर आसान हो सका।

**पारंपरिक उल्लास दिखा । रमेश चंद्र डाड**

आकोला क्षेत्र के गांवों में भाई-बहन ने पारंपरिक तरीके से राखी बांधी। घर-परिवार में स्नेह और अपनत्व का माहौल रहा।

## कोटड़ी पुलिस ने जरूरतमंदों संग मनाया रक्षाबंधन



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**दिनेश पारीक**

पुलिस ने रक्षाबंधन पर जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के साथ राखियां बांटकर, मिठाइयां व उपहार देकर प्रेम, विश्वास और एकता का संदेश दिया। थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में हुई इस पहल ने चेहरों पर मुस्कान बिखेरी और समाज में मानवीयता व करुणा की मिसाल पेश की।

## मिठाई विक्रेता ने सड़क के आधे हिस्से पर किया कब्जा , पुलिस ने हटवाया



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरिशेवा धाम के पास एक मिठाई विक्रेता द्वारा सड़क के आधे हिस्से पर तंबू और भट्टियां लगाकर किए गए अतिक्रमण को पुलिस ने शनिवार को हटवा दिया। अवैध कब्जे से यातायात बाधित हो रहा था और वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। शिकायत मिलने पर भीमगंज थाना और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और तंबू-भट्टियां हटवाकर संचालक को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आईटीआर सीजन में साइबर ठग सक्रिय, टैक्स रिफंड के नाम पर जाल बिछा रहे अपराधी




भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

आयकर रिटर्न का सीजन आते ही ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह मैदान में उतर गए हैं। राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम ब्रांच ने चेताया है कि ठग अब टैक्स रिफंड, पैन-आधार लिंकिंग और प्रोफाइल वेरिफिकेशन का बहाना बनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं।

### ठगी के हथियार

- नकली ईमेल, कॉल और एसएमएस रिफंड रुका है या ITR गलत भरा कहकर लिंक पर क्लिक करवाना।
- फर्जी वेबसाइट – असली पोर्टल जैसी दिखने वाली साइट पर पैन, आधार, बैंक डिटेल और ओटीपी लेना।
- वायरस अटैचमेंट – ITR रसीद के नाम पर मालवेयर भेजना।
- सोशल मीडिया जाल – व्हाट्सऐप/क्यूआर कोड से तत्काल रिफंड का लालच।

### बचाव के उपाय

केवल ऑफिशियल साइट का उपयोग करें, संदिग्ध लिंक या क्यूआर कोड से दूर रहें, और किसी भी अनजान व्यक्ति को निजी जानकारी न दें।

पुलिस का साफ संदेश – ÷रिफंड के लालच में क्लिक किया तो अकाउंट खाली हो सकता है।÷ संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

## QUICK BITES

### मांडलगढ़ में पुलिस जवानों संग मनाया रक्षाबंधन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



रक्षाबंधन पर नगर पालिका पार्षद अनिता सुराणा व महिला मोर्चा की बिंदिया शर्मा ने पुलिस थाना परिसर में पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, थाना प्रभारी शंकर सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान विश्नोई ने रक्षाबंधन को आध्यात्मिक शक्ति, नैतिक मूल्यों और नकारात्मक विचारों से मुक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पार्षद नीलकमल पटवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### थानाधिकारी प्रभाती लाल की पहल: कालबेलिया बस्ती में मनाया रक्षाबंधन, 5 बालिकाओं की शिक्षा का उठाया खर्च

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**दिनेश पारीक** । पारोली थानाधिकारी प्रभाती लाल मीणा ने रक्षाबंधन पर कालबेलिया बस्ती पहुँचकर महिलाओं से राखी बंधवाई, फल-मिठाई बांटी और शिक्षा का महत्व बताया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे 5 गरीब परिवारों की बालिकाओं की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर पुलिस व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।